जबलपुर | गुरुवार | 13 नवंबर 2025 | वर्ष 76 | अंक 279 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

नव भारत
1934 से
जबलपुर 77 वां वर्ष संस्करण

# दस सदस्यीय टीम करेगी कार विस्फोट की जांच

## पाकिस्तान से जुड़े होने के सबूत मिले, एनआईए की टीम गठित

**नई दिल्ली, 12 नवंबर (वार्ता) राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने दिल्ली कार विस्फोट की जांच के लिए अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) विजय साखरे के नेतृत्व में दस सदस्यीय विशेष टीम का गठित की है.**

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने दिल्ली कार विस्फोट की जांच की जिम्मेदारी मंगलवार को एनआईए को सौंपी थी. जांच एजेंसी ने बुधवार को टीम का गठन कर दिया. इस टीम में एक महानिरीक्षक (आईजी), दो उप महानिरीक्षक (डीआईजी), तीन पुलिस अधीक्षक (एसपी) और एक पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) शामिल हैं. एनआईए की जांच में दिल्ली पुलिस के अधिकारी भी सहयोग कर रहे हैं.



### मोदी ने सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी की बैठक ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार शाम सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी की बैठक बुलाई. बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे. बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश मंत्री एस जयशंकर भी मौजूद रहे. बैठक में दिल्ली लाल किला धमाके में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई और 2 मिनट का मौन रखा गया. बता दें कि मोदी ने पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद भी सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक की थी.

शीर्ष सूत्रों ने यूनिवार्ता को बताया कि दिल्ली कार विस्फोट के तार पाकिस्तान से जुड़े होने के सबूत मिले हैं. डॉ. मुजम्मिल शकील और अन्य संदिग्धों से पूछताछ में प्राप्त जानकारी के आधार पर विस्फोट का पाकिस्तान से संबंध जुड़ रहा है.

### हमलावरों के निशाने पर था लाल किला

दिल्ली विस्फोट के आरोपी डॉक्टर मुजम्मिल और डॉक्टर उमर ने एक बड़ी आतंकी साजिश के तहत लाल किले की रेकी की थी. इस मॉड्यूल की साजिश गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को लाल किले को निशाना बनाने की थी. वहीं अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार आतंकियों से पूछताछ में भी बड़े खुलासे हुए हैं.

### दिल्ली धमाके से जुड़ी लाल कार बरामद

दिल्ली में हुए बम विस्फोट से संबंधित एक और संदिग्ध लाल रंग पुलिस ने जब्त की है. फरीदाबाद पुलिस ने लाल रंग की फोर्ड इकोस्पोर्ट कार को खोज निकाला, जो खंडावली गांव के आसपास खड़ी मिली. पुलिस ने तत्काल वाहन को कस्टडी में ले लिया. वहीं जम्मू-कश्मीर पुलिस और यूपी एटीएस के ज्वॉइंट ऑपरेशन में मड़ियाहू निवासी डॉक्टर परवेज के घर छापेमारी में कई अहम सबूत बरामद हुए हैं. टीम ने तीन कीपैड फोन, एक हार्ड डिस्क और कई इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स जब्त किए हैं. कहा जा रहा है कि इन बरामदगी से एजेंसियों को परवेज की गतिविधियों और संपर्कों को लेकर कई नए सुराग मिले हैं.



## घायलों से मिलने अस्पताल पहुंचे पीएम

**नई दिल्ली, 12 नवंबर (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भूटान यात्रा से लौटते ही बुधवार को यहां लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल जाकर दिल्ली विस्फोट में घायल हुए लोगों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना.** उन्होंने घायलों से बातचीत कर उनकी तबियत के बारे में पूछा और डॉक्टरों से उनके उपचार के बारे में जानकारी ली. बता दें कि मोदी विस्फोट के एक दिन बाद मंगलवार को भूटान की दो दिन की यात्रा पर गए थे

पीएम ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, एलएनजेपी अस्पताल जाकर दिल्ली विस्फोट में घायल हुए लोगों से मिला. उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं. इस षड़यंत्र के लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय के कठघरे में लाया जाएगा.



## दिल्ली धमाके के तार महू से जुड़े

**महू।** दो दिन पूर्व दिल्ली में हुए धमाके का असर को अब महू में देखा जा रहा है। फरीदाबाद की जिस अल फलाह विश्व विद्यालय और आरोपी के अध्ययन करने की बात सामने आई है उसकी नींव महू निवासी मोहम्मद जवाद अहमद सिद्दीकी ने रखी थी। उस विश्व विद्यालय का संचालन अल फहाद चेरिटेबल ट्रस्ट करता है। इसका प्रमुख जवाद करीब तीस साल पूर्व अपने परिवार के साथ महू में रहता था। यहां अल फलाह नाम से निवेश कंपनी खोली थी जिसमें मोटा ब्याज देने के नाम पर हजारों लोगों के करोड़ों रुपए की धोखाधडी कर फरार हो गया था। लेकिन बताया जा रहा हैं कि महू से जाने के बाद वह कभी वापस महू नहीं आया। मुकरी मोहल्ला में में एक विशाल बिल्डिंग बनाई थी जहां से कारोबार संचालित होता था।

### गुस्ताखी माफ




## वीजा सुधार पर ट्रंप सहमत

### कहा- अमेरिका को प्रतिभाओं को लाने की जरूरत

**वॉशिंगटन, 12 नवंबर . अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एच-1बी वीजा सुधारों पर अपने प्रशासन के आक्रामक प्रयासों पर अपना रुख नरम करते हुए अमेरिकी कार्यबल में महत्वपूर्ण पदों को भरने के लिए विशिष्ट विदेशी प्रतिभाओं को लाने की आवश्यकता को स्वीकार किया है.**

ट्रंप ने कुशल अप्रवासी श्रमिकों के मूल्य का बचाव करते हुए तर्क दिया कि अमेरिका लंबे समय से बेरोजगार अमेरिकियों को



बिना व्यापक प्रशिक्षण के विनिर्माण और रक्षा क्षेत्र में जटिल भूमिकाओं के लिए पुनर्नियोजित नहीं कर सकता. अमेरिकी राष्ट्रपति ने आगे कहा कि हालांकि वह अमेरिकी श्रमिकों के वेतन में वृद्धि का समर्थन करते हैं, फिर भी अमेरिका को अपनी औद्योगिक और तकनीकी बढ़त बनाए रखने के लिए 'इस प्रतिभा को लाना' होगा.

## 1500 रुपये पाकर मुस्कुराई लाड़ली बहनें

01 करोड़ 26 लाख बहनों के खातों में पहुंची राशि

114 विकास कार्यों का सीएम ने किया लोकार्पण

नवभारत

**सिवनी, 12 नवंबर . सिवनी के पॉलीटेक्निक मैदान में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया. यहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश की एक करोड़ 26 लाख लाड़ली बहनों को सौगात दी. उन्होंने** 30वीं **किस्त के रूप में 1857 करोड़ रुपये उनके खातों में ट्रांसफर किए.**




इस बार लाड़ली बहनों के खातों में 1500 रुपये पहुंचे हैं. राज्य सरकार ने हाल ही में कैबिनेट बैठक में राशि 1250 से बढ़ाकर 1500 रुपये करने का निर्णय लिया था. कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 560.75 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 114 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया.

## नस्ली भेदभाव अस्वीकार्य : सुको

### दिल्ली में केरल के छात्रों पर हमले पर जताई चिंता

**नई दिल्ली, 12 नवंबर . सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में केरल के दो छात्रों पर हुए कथित हमले और उनके पारंपरिक वस्त्र 'लुंगी' पहनने पर की गई टिप्पणियों पर कड़ी नाराजगी जताई. न्यायालय ने कहा कि देश में भाषा या वेशभूषा के आधार पर किसी के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए. यह अस्वीकार्य है, हम एक देश हैं.**

न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति अलोक अराधे की पीठ ने यह टिप्पणी उस समय की जब वह 2015 में दाखिल एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी. यह याचिका अरुणाचल प्रदेश के छात्र निडो तानिया की दिल्ली में हत्या और पूर्वोत्तर के लोगों पर बढ़ते नस्ली हमलों के बाद दाखिल की गई थी.

पीठ ने कहा, दिल्ली में एक व्यक्ति को लुंगी पहनने के कारण मजाक का पात्र बनाया गया. यह ऐसे देश में अस्वीकार्य है, जहां लोग सौहार्दपूर्वक रहते हैं. आपको इस पर अधिक चिंता करनी चाहिए. हम एक देश हैं.

No, you needn't pinch yourself.




The first 6 EMIs are on us.
Upgrade to a Volkswagen before 25th November.*

Volkswagen FASTFEST

GLOBAL NCAP
4 EVER CARE** 4 year Standard Warranty, 4 year Road Side Assistance, 3 Free Services
Exchange through Certified Pre-Owned
Additional Scrappage Benefits***
Available across GeM, CSD & KPKB
Call 1800 102 0909
volkswagen.co.in

*Terms and conditions apply. Finance at the sole discretion of financiers. Calculation based on the Loan amount up to ₹10 Lakh, for 5-year loan at 8.75% Interest rate. Offer on select variants at the sole discretion of the dealer. Images are for representation purpose. Features and accessories shown may not be a part of standard equipment and are subject to change without prior notice. The actual car colour may vary. The dark shade on the glass is due to the lighting effect. **3 Free services applicable on 1 000 kilometers, 7 500 kilometers and 15 000 kilometers. In service, only labour charges are free. ***Additional scrappage benefit up to ₹20 000. To know more on the schemes, please visit your nearest Volkswagen dealership. 1% cess extra for Kerala.

**Authorised Dealers: Volkswagen Jabalpur:** 9522669898, 8815108056; **Volkswagen Indore:** 9669694949, 0731-4002201, 0731-4002202; **Volkswagen New City Store Indore:** 8889622289, 9669694947; **Volkswagen DWA Extension Ratlam:** 9669694949, 7869917727; **Volkswagen Bhopal:** 9669697970, 8889677731; **Volkswagen Gwalior:** 8966905703, 8966905701; **Volkswagen Raipur:** 6262000711, 6262000706; **Volkswagen Bhilai:** 9399025387, 9109170895, 7065062323; **Volkwagen Bilaspur :** 9826140071, 9109170896.